# बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे के यमुना पुल पर ट्रैफिक चालू

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लिए यमुना नदी पर बन रहे पुल का एक तरफ का हिस्सा बन कर तैयार हो गया है और यह यातायात के लिए चालू हो गया है।

यूपीडा के सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के तहत जालौन में यमुना नदी पर निर्माणाधीन बड़े पुल का निर्माण कार्य फरवरी, 2020 में शुरू हुआ था। इसकी कुल लम्बाई 840 मीटर है। इसका बायां हिस्सा रिकार्ड 18 माह में पूरा किया गया है। यह चालू हो गया है। इस दीर्घ सेतु का निर्माण रिकॉर्ड समय में पूरा करा कर यूपीडा ने देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। परियोजना का अब तक लगभग 72 प्रतिशत भौतिक कार्य सम्पन्न हो चुका है। एक्सप्रेस-वे पर पड़ने वाली बेतवा नदी पर बन रहे दीर्घ सेतु का भी तीव्र गति से निर्माण चल रहा है। रिकॉर्ड समय में अब तक कुल 217 किमी लंबाई में बिटुमिनस स्तर का कार्य पूरा किया जा चुका है, यानि कि इतनी सड़क पूर्णतः बनकर तैयार हो चुकी है।



अवनीश अवस्थी, सीईओ यूपीडा

**18** माह के रिकॉर्ड समय में यमुना नदी पर ये पुल बन कर तैयार हुआ

**72** प्रतिशत भौतिक कार्य बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का पूरा हो चुका है